OWASP | GenAI SECURITY PROJECT
TOP 10 FOR LLM AND GENERATIVE AI

2025 में LLM Applications के लिए OWASP के शीर्ष 10

संस्करण 2025
कार्तिक 27, 2081 विक्रम सम्वत (2024-11-18)

विषय सूची

प्रोजेक्ट लीडर्स का संदेश

"LLM applications के लिए OWASP के शीर्ष 10" 2023 में शुरू हुआ एक समुदाय-संचालित प्रयास हैं, जो AI applications के सुरक्षा मुद्दों को उजागर एवं संबोधित करता हैं। आज टेक्नॉलोजी ने उद्योगों एवं applications में जो बदलाव किये गए हैं, उससे कई जोखिमों को जन्म मिला हैं। चूंकि LLM, ग्राहक के प्रयोग से लेकर आंतरिक संचालन तक हर जगह गहराई से पहुँच चुका हैं, इसलिये developers तथा सुरक्षा पेशेवर नई vulnerabilities की खोज एवं उनसे मुकाबला करने के तरीकें खोज रहे हैं।

2023 की सूची जागरूकता बढ़ाने और सुरक्षित LLM उपयोग के लिए एक नींव का पत्थर बनी हैं, लेकिन तब से अब तक हमने और भी अधिक सीखा हैं। इस नए 2025 के संस्करण में, हमने दुनियाभर में योगदानकर्ताओं के एक बड़े, अधिक विविध समूह के साथ काम किया हैं, जिन्होंने इस सूची को इस आकार मे ढाला हैं। इस प्रक्रिया में हमने विचार-विमर्श, मतदान, पेशेवरों से मंथन एवं फीडबैक को माध्यम बनाया हैं। प्रत्येक हाथ की माजबूती ने इस रिलीज को यथासंभव एवं व्यावहारिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं।

2025 की सूची में क्या नया हैं

2025 की सूची मौजूदा जोखिमों की बेहतर समीक्षा एवं वास्तविक दुनिया की applications में LLM का उपयोग कैसे किया जाये इस पर महत्वपूर्ण अपडेट पेश करती हैं। उदाहरण के लिए, **Unbounded Consumption** जो की Denial of Service के इर्द-गिर्द रहते हुँए संसाधन प्रबंधन और अप्रत्याशित लागतों के जोखिमों को शामिल करता था, जो बड़े पैमाने पर LLM deployment का मुद्दा था।

Vector and Embeddings बिन्दु समुदाय के अनुरोधों पर बना, Retrieval-Augmented Generation (RAG) और अन्य embedding पर आधारित विधियों को सुरक्षित करने के लिए मार्गदर्शन हैं, जो अब मॉडल आउटपुट की समीक्षा के लिए मुख्य हैं।

हमने वास्तविकता के exploits के लिए **System Prompt Leakage** भी जोड़ा हैं जो समुदाय द्वारा अत्यधिक अनुरोध किया गया था। कई applications द्वारा prompts को सुरक्षित माना जाता था, लेकिन हाल की घटनाओं बताती हैं कि developers यह नहीं मान सकते हैं कि इन prompts में जानकारी गुप्त बनी रहती हैं।

Agent पर आधारित ढ़ाचे का बढ़ते उपयोग LLM को अधिक स्वचन्दता दे सकता हैं, जिस कारण से हमे **Excessive Agency** का विस्तार करना पड़ा। LLM का agents के रूप मे व्यवहार या plugin सेटिंग्स में अनियंत्रित अनुमतियों से अनचाहे तथा जोखिम भरे कार्य हो सकते हैं, जिससे यह बिन्दु पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो जाता हैं।

आगे बढ़ते हुँए

यह सूची टेक्नॉलोजी की तरह, open-source community की अंतर्दृष्टि और अनुभवों का प्रतिरूप हैं । यह developers, data scientists एवं विभिन्न क्षेत्रों के सुरक्षा विशेषज्ञों के योगदान द्वारा आकार दी गई हैं, जो सुरक्षित AI applications के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं । हमें गर्व हैं इस संस्करण को आपके समक्ष साझा करतें हुँए, और हम उम्मीद करतें हैं कि यह आपको LLM को प्रभावी ढंग से सुरक्षित करने के लिए tools एवं ज्ञान प्रदान करेगा ।

हम सभी को धन्यवाद करतें हैं जिन्होंने इसे एक साथ लाने में मदद की और जो इसके उपयोग एवं सुधार के लिये सुदृढ़ हैं । हम आपके साथ इस कार्य का हिस्सा बनने के लिए आभारी हैं ।

Steve Wilson
Project Lead
OWASP Top 10 for Large Language Model Applications
LinkedIn: https://www.linkedin.com/in/wilsonsd/

Ads Dawson
Technical Lead & Vulnerability Entries Lead
OWASP Top 10 for Large Language Model Applications
LinkedIn: https://www.linkedin.com/in/adamdawson0/

हिंदी अनुवादक टीम

Dhruv Agarwal
LinkedIn: https://www.linkedin.com/in/dhruwen/

Murali Krishna Kandula
LinkedIn: https://www.linkedin.com/in/mkkandula/

Rachit Sood
LinkedIn: https://www.linkedin.com/in/sn4kecharmer/

Ojas Sharma
LinkedIn: https://www.linkedin.com/in/ojas-sharma-179948201/

इस अनुवाद के बारे में

"LLM applications के लिए OWASP शीर्ष 10" की तकनीकी एवं संवेदनशील प्रकृति को देखते हुँए, हमने इस अनुवाद के निर्माण में केवल मानव अनुवादकों का प्रयोग किया हैं। सूचीबद्ध अनुवादक एवं समीक्षकों को न केवल मूल सामग्री का गहन तकनीकी ज्ञान है, बल्कि इस अनुवाद को सफल बनाने के लिए आवश्यक पृष्ठभूमि भी हैं।

Talesh Seeparsan
Translation Lead
OWASP Top 10 for AI Applications LLM
LinkedIn: https://www.linkedin.com/in/talesh/

LLM01: 2025 Prompt इंजेक्शन

विवरण

Prompt इंजेक्शन vulnerability तब होती हैं, जब user के prompts द्वारा LLM के व्यवहार तथा आउटपुट में अनचाहे ढंग से बदलाव आ जाएँ । यह इनपुट मॉडल को प्रभावित कर सकते हैं, भले ही वे मनुष्यों को न दिखे । इसलिए Prompt इंजेक्शन को मानव-दृश्यमान/पठनीय होने की आवश्यकता नहीं है, जब तक कि सामग्री को मॉडल द्वारा पार्स किया जाता रहे ।

Prompt इंजेक्शन की vulnerabilities इस बात पर निर्भर हे की मॉडल prompts को कैसे process करता हैं । कैसे इनपुट मॉडल को गलत तरीके से उसके अन्य हिस्सों में Prompt डेटा को पास करने के लिए मजबूर कर सकता हैं । जो उन्हें निर्देशों का उल्लंघन करने, हानिकारक सामग्री को बनाने, अनाधिकृत पहूँच (unauthorized access) या महत्वपूर्ण निर्णयों में प्रभावित करता हैं । जबकि LLM आउटपुट को अधिक प्रासंगिक और सटीक बनाने के लिए Retrieval Augmented Generation (RAG) तथा fine-tuning जैसी तकनीकों प्रयोग में आती हैं, वही शोध के अनुसार Prompt इंजेक्शन vulnerabilities को पूरी तरह कम नहीं कर सकते ।

कई बार Prompt इंजेक्शन और jailbreaking LLM भी परस्पर उपयोग में आते हैं । Prompt इंजेक्शन में कुछ खास इनपुट से मॉडल की प्रतिक्रियाओं में हेरफेर कर उसके व्यवहार में परिवर्तन शामिल है, जिसमें सुरक्षा उपायों को दरकिनार करना भी एक मुख्य बिंदू हैं । वही Jailbreaking, prompt इंजेक्शन का एक रूप हैं जहाँ हमलावर (malicious attacker) के इनपुट के कारण मॉडल अपने सुरक्षा प्रोटोकॉल की अवहेलना करने लगता हैं । Developers Prompt इंजेक्शन हमलों से बचाव के लिए सिस्टम Prompt एवं इनपुट हैंडलिंग में सुरक्षा उपाय डाल सकते हैं, लेकिन jailbreaking की रोकथाम के लिए मॉडल के प्रशिक्षण एवं सुरक्षा तंत्र में अपडेट की आवश्यकता होती हैं ।

Prompt इंजेक्शन vulnerabilities के प्रकार

प्रत्यक्ष Prompt इंजेक्शन

प्रत्यक्ष Prompt इंजेक्शन में user का Prompt इनपुट सीधे ही अनचाहे या अप्रत्याशित तरीकों से मॉडल के व्यवहार को बदल देता हैं । यह इनपुट या तो जानबूझकर हो सकता हैं (यानी, एक दुर्भावनापूर्ण व्यक्ति जानबूझकर मॉडल का फायदा उठाने के लिए कुछ prompts को तैयार करे) या अनजाने में (यानी, एक user अनजाने में ऐसा इनपुट देता हैं जो अप्रत्याशित व्यवहार को ट्रिगर करता हैं) ।

अप्रत्यक्ष Prompt इंजेक्शन

अप्रत्यक्ष Prompt इंजेक्शन में LLM बाहरी स्रोतों (वेबसाइट या फाइलें) से इनपुट स्वीकार करता हैं, जिनकी सामग्री को मॉडल द्वारा प्रयोग (interpret) में लाने से मॉडल के व्यवहार में अनचाहे या अप्रत्याशित बदलाव होते हैं । यह भी प्रत्यक्ष इंजेक्शन की तरह, जानबूझकर या अनजाने में हो सकता हैं ।

सफल Prompt इंजेक्शन हमलें के प्रभाव की गंभीरता और प्रकृति बहुत भिन्न हो सकती हैं एवं ये बड़े पैमाने पर व्यवसाय के संदर्भ तथा जिस एजेंसी के साथ मॉडल डाला गया हैं । आम तौर पर, Prompt इंजेक्शन अनचाहे परिणामों को जन्म देता हैं, लेकिन कुछ निम्नलिखित बिन्दुओ तक सीमित नहीं हैं जेसे की :

- संवेदनशील जानकारी का प्रकटीकरण
- AI सिस्टम ढांचे (infrastructure) या सिस्टम Prompt के बारे में संवेदनशील जानकारी का खुलासा करना
- सामग्री में हेरफेर जो गलत या पक्षपाती आउटपुट की और ले जाए
- LLM के लिए उपलब्ध functions की अनाधिकृत पहूँच (unauthorized access) प्रदान करना
- Connected systems में मनमानी आदेशों को execute करना
- महत्वपूर्ण निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में हेरफेर करना

मल्टीमॉडल (multimodal) AI का उदय, जो एक साथ कई प्रकार के data-types को process कर सकता हैं, वह कुछ नए Prompt इंजेक्शन जोखिमों को लाता हैं । दुर्भावनापूर्ण व्यक्ति modalities के बीच बातचीत (interactions) का फायदा उठा सकते हैं, जैसें कि सौम्य texts के साथ image में निर्देश छिपाना । इन प्रणालियों की जटिलता हमलें के होने की संभावनाओं का विस्तार करती हैं । मल्टीमॉडल मॉडल भी कुछ खास cross-modal हमलों के लिए अतिसंवेदनशील हो सकते हैं, जो की वर्तमान तकनीकों से पता लगाने एवं उसका समाधान करने के लिए मुश्किल हैं । मजबूत (Robust) मल्टीमॉडल के समाधान आगे के शोध एवं विकास के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं ।

रोकथाम एवं बचाव के लिये रणनीतियाँ

जनरेटिव AI की प्रकृति ही कारण हे Prompt इंजेक्शन vulnerabilities का, मॉडल के काम करने के तरीके से यह स्पष्ट नहीं हैं कि Prompt इंजेक्शन की रोकथाम के लिया कोई पूर्ण समाधान हो साकता हैं या नहीं । हालांकि, निम्नलिखित उपाय Prompt इंजेक्शन के प्रभाव को कम कर सकते हैं:

1. मॉडल के व्यवहार को बाधित करें

सिस्टम Prompt को मॉडल की भूमिका, क्षमताओं एवं सीमाओं के बारे में विशिष्ट निर्देश प्रदान करें । सख्त संदर्भ के पालन (context adherence) को लागू करें, विशिष्ट कार्यों एवं विषयों के लिए प्रतिक्रियाओं को सिमित करें, तथा मॉडल को निर्देश दे कि वह core निर्देशों को संशोधित करने के प्रयासों को अनदेखा करें ।

2. अपेक्षित आउटपुट प्रारूपों को परिभाषित करें और मान्य करें

स्पष्ट आउटपुट के formats बताएँ, विस्तृत तर्क एवं स्रोत के citations का अनुरोध करें, और इन प्रारूपों के पालन को मान्य करने के लिए deterministic code का उपयोग करें ।

3. इनपुट और आउटपुट फ़िल्टरिंग को लागू करें

संवेदनशील श्रेणियों को परिभाषित करें और ऐसी सामग्री की पहचान एवं संभालने के लिए नियमों का निर्माण करें। Semantic फ़िल्टर को लागू करें एवं बिना अनिमती वाली सामग्री के लिए string-checking का उपयोग करें। RAG Triad: (Assess context relevance, groundedness, तथा question/answer relevance malicious outputs की पहचान के लिए) का उपयोग करके प्रतिक्रियाओं का मूल्यांकन करें।

4. विशेषाधिकार नियंत्रण एवं कम से कम विशेषाधिकार पहूँच को लागू करें

Application की विस्तारणीय कार्यक्षमता के लिए उसे खुद के API Token दे एवं इन funtions को मॉडल को देने की बजाय code में ही संभालें। मॉडल की विशेषाधिकार पहुँच (privileged access) को न्यूनतम आवश्यक तक सीमित करें।

5. उच्च जोखिम वाले कार्यों के लिए मानव सविक्रती

अनाधिकृत कार्यों को रोकने के लिए विशेषाधिकार प्राप्त कार्यों (operations) में human-in-the-loop नियंत्रण को लागू करें।

6. बाहरी सामग्री को पहचानें एवं भागों में बाटे

User prompts पर इसके प्रभाव को सीमित करने के लिए अलग भागों में बाटे एवं स्पष्ट रूप से अविश्वसनीय सामग्री को चिन्हित करें।

7. प्रतिकूल परीक्षण और हमलों की सिमुलेशन नियमित रूप से करें

ट्रस्ट की सीमाओं (trust boundaries) तथा पहुँच के नियंत्रण (access control) की प्रभावशीलता का परीक्षण करने के लिए मॉडल को एक अविश्वसनीय user के रूप में मानते हुँए, नियमित penetration testing एवं breach simulations करें।

उदाहरण स्वरूप हमलें के परिदृश्य

परिदृश्य#1: प्रत्यक्ष इंजेक्शन

एक हमलावर ग्राहक सहायता चैटबॉट में एक prompts डालता हैं, वह पिछले दिशानिर्देशों को अनदेखा करने, निजी डेटा स्टोरों को query करने और ईमेल भेजने के लिए निर्देश देता हैं, जिससे अनाधिकृत पहूँच (unauthorized access) एवं विशेषाधिकार वृद्धि (privilege escalation) होती हैं।

परिदृश्य#2: अप्रत्यक्ष इंजेक्शन

एक user छिपे हुँए निर्देशों वाले एक webpage को संक्षेप करने के लिए एक LLM नियुक्त करता हैं। उस छुपे निर्देश के कारण LLM एक URL वाली image (image linking to a URL) डालता हैं, जिसके कारण निजी वार्तालाप का exfiltration हो जाता हैं।

परिदृश्य#3: अनैच्छिक इंजेक्शन

एक कंपनी अपने नौकरी विवरण में AI से बने आवेदनों की पहचान के निर्देश शामिल करती हैं। एक आवेदक, इस निर्देश से अनजान, अपने resume को बेहतर करने के लिये LLM का प्रयोग करता हैं, जिससे अनजाने में ही AI detection चालू हो जाता हैं।

परिदृश्य#4: जानबूझकर मॉडल को प्रभावित करना

एक हमलावर एक Retrieval-Augmented Generation (RAG) application वाली repository के एक दस्तावेज़ को संशोधित करता हैं। जिसके कारण जब user की query संशोधित सामग्री लौटाती हैं, तो दुर्भावनापूर्ण निर्देश LLM के आउटपुट को बदल देते हैं, जिसके भ्रामक परिणामों होते हैं।

परिदृश्य#5: code इंजेक्शन

एक हमलावर vulnerability (CVE-2024-5184) का प्रयोग करके एक दुर्भावनापूर्ण prompts को LLM-संचालित ईमेल सहायक application में डालता हैं, जिससे उसे संवेदनशील जानकारी एवं ईमेल सामग्री में हेरफेर करने की अनुमति मिल जाती हैं।

परिदृश्य#6: पेलोड विभाजन

एक हमलावर split malicious prompts वाले resume को अपलोड करता हैं। जिसके कारण जब LLM उम्मीदवार का मूल्यांकन करता हैं, तो संयुक्त prompt द्वारा मॉडल की प्रतिक्रिया में हेरफेर होता हैं, जिसके परिणामस्वरूप resume की वास्तविक वाली सामग्री के बावजूद भी सकारात्मक सिफारिश आती हैं।

परिदृश्य#7: मल्टीमॉडल (multimodal) इंजेक्शन

एक हमलावर ने सामान्य text वाली image के भीतर दुर्भावनापूर्ण prompts डाल दिया। जिसके कारण जब एक मल्टीमॉडल AI ने image और texts को एक साथ process किया, तो छिपा हुएँ Prompt के कारण मॉडल के व्यवहार में बदलाव हुएँ, जिससे संवेदनशील जानकारीयों का प्रकटीकरण तथा अनाधिकृत कार्य हो जातें हैं।

परिदृश्य#8: प्रतिकूल Suffix

एक हमलावर prompts के साथ एक अर्थहीन दिखने वली (seemingly meaningless) string को जोड़ देता हैं, जो एक दुर्भावनापूर्ण तरीके से LLM के आउटपुट को सुरक्षा की दृष्टि से प्रभावित करती हैं।

परिदृश्य#9: बहुभाषी गुप्त (Obfuscated/छिपाया हुआ) हमला

एक हमलावर कई भाषाओं का उपयोग या दुर्भावनापूर्ण निर्देशों को (जैसे, Base64 or emojis) के भीतर encodes ताकि वह फिल्टर से बच सकें तथा LLM के व्यवहार में हेरफेर भी कर सकें ।

संबंधित लिंक

1. ChatGPT Plugin Vulnerabilities - Chat with Code **Embrace the Red**
2. ChatGPT Cross Plugin Request Forgery and Prompt Injection **Embrace the Red**
3. Not what you've signed up for: Compromising Real-World LLM-Integrated Applications with Indirect Prompt Injection **Arxiv**
4. Defending ChatGPT against Jailbreak Attack via Self-Reminder **Research Square**
5. Prompt Injection attack against LLM-integrated Applications **Cornell University**
6. Inject My PDF: Prompt Injection for your Resume **Kai Greshake**
7. Not what you've signed up for: Compromising Real-World LLM-Integrated Applications with Indirect Prompt Injection **Cornell University**
8. Threat Modeling LLM Applications **AI Village**
9. Reducing The Impact of Prompt Injection Attacks Through Design **Kudelski Security**
10. Adversarial Machine Learning: A Taxonomy and Terminology of Attacks and Mitigations (nist.gov)
11. 2407.07403 A Survey of Attacks on Large Vision-Language Models: Resources, Advances, and Future Trends (arxiv.org)
12. Exploiting Programmatic Behavior of LLMs: Dual-Use Through Standard Security Attacks
13. Universal and Transferable Adversarial Attacks on Aligned Language Models (arxiv.org)
14. From ChatGPT to ThreatGPT: Impact of Generative AI in Cybersecurity and Privacy (arxiv.org)

संबंधित फ्रेमवर्क (frameworks) एवं टैक्सोनॉमी (taxonomies)

Infrastructure deployment, applied environment controls तथा अन्य सर्वोत्तम उपायों से संबंधित व्यापक जानकारी, परिदृश्यों की रणनीतियों के लिए इस खंड का संदर्भ लें ।

- AML.T0051.000 - LLM Prompt Injection: Direct **MITRE ATLAS**
- AML.T0051.001 - LLM Prompt Injection: Indirect **MITRE ATLAS**
- AML.T0054 - LLM Jailbreak Injection: Direct **MITRE ATLAS**

LLM02: 2025 संवेदनशील सूचना का प्रकटीकरण

विवरण

संवेदनशील जानकारीयां LLM एवं उसकी application दोनों को ही प्रभावित करती हैं। इसमें personal identifiable information (PII), वित्तीय विवरण, स्वास्थ्य रिकॉर्ड, गोपनीय व्यवसाय डेटा, सिक्युरिटी क्रेडेंशियल्स और कानूनी दस्तावेज शामिल हैं। Proprietary मॉडल में अद्वितीय प्रशिक्षण विधियाँ (unique training methods) एवं source code भी संवेदनशील माने जा सकते हैं, विशेष रूप से closed एवं foundation मॉडल में।

जब LLM को applications में जोड़े जातें हैं तो ये, संवेदनशील डेटा, proprietary algorithms, या उनके आउटपुट के माध्यम से गोपनीय विवरण को उजागर करने का खतरा रखते हैं। इसके परिणामस्वरूप अनाधिकृत डेटा पहूँच (data access), गोपनीयता उल्लंघन एवं बौद्धिक संपदा उल्लंघनों हो सकता हैं। Users को पता होना चाहिए कि LLM का सुरक्षित रूप से कैसे प्रयोग करें। उन्हें अनजाने में संवेदनशील डेटा देने के जोखिमों को समझने चाहिए, जिससे बाद मॉडल के आउटपुट में इनका खुलासा ना होने पाए।

इसीलिए LLM applications को उपयोगकर्ता डेटा को प्रशिक्षण मॉडल में प्रवेश करने से रोकने के लिए पर्याप्त डेटा sanitization करना चाहिए। Applications मालिकों को स्पष्ट Terms of Use policies प्रदान करनी चाहिए, जिससे users प्रशिक्षण मॉडल में अपने डेटा को शामिल करने या ना करने के लिये स्वयं बाध्य हो जाये। LLM द्वारा data types के बारे में सिस्टम prompt के भीतर प्रतिबंधों को जोड़ने से संवेदनशील जानकारी के प्रकटीकरण से बचाव कर सकते हैं। हालांकि, इस तरह के प्रतिबंधों का सुझाव नहीं दिया जाता क्योंकि इन्हे Prompt इंजेक्शन या अन्य तरीकों के माध्यम से नजर अंदाज किया जा सकता हैं।

Vulnerability के सामान्य उदाहरण

1. PII रिसाव

Personal identifiable information (PII) का खुलासा LLM के प्रयोग के दौरान हो सकता हैं।

2. Proprietary Algorithm द्वारा खुलासा
खराब तरीके से configured मॉडल proprietary algorithms या डेटा को प्रकट कर सकते हैं। प्रशिक्षण डेटा की जानकारी से मॉडल पर inversion attacks हो सकते हैं, जिससे हमलावर (malicious attacker) इनपुट को पुनर्निर्मित तथा संवेदनशील जानकारी निकालते सकता हैं। उदाहरण स्वरूप, जैसा कि 'Proof Pudding' attack (CVE-2019-20634) में बताया गया हैं, disclosed प्रशिक्षण डेटा से मॉडल में extraction एवं inversion होता हे, जिससे हमलावर (malicious attacker) को ML algorithms में सुरक्षा नियंत्रणों को दरकिनार एवं ईमेल फिल्टर को bypass कर देता हैं।

3. संवेदनशील व्यापारिक डेटा का प्रकटीकरण
उत्पन्न प्रतिक्रियाओं में अनजाने में ही गोपनीय व्यावसायिक जानकारीयां शामिल हो सकती हैं।

रोकथाम एवं बचाव के लिये रणनीतियाँ

Sanitization

1. डेटा sanitization तकनीकों को जोड़े
उपयोगकर्ता डेटा को प्रशिक्षण मॉडल में प्रवेश करने से रोकने के लिए डेटा sanitization को लागू करें। इसके अंतर्गत प्रशिक्षण में उपयोग किए जाने से पहले संवेदनशील सामग्री की scrubbing (छाँट कर हटाना) या masking (चुप देना) करें।

2. मजबूत इनपुट validation (मापदंड के अनुसार वैधीकरण)
संभावित रूप से हानिकारक या संवेदनशील डेटा इनपुट का पता लगाने एवं फ़िल्टर करने के लिए सख्त इनपुट validations का प्रयोग करें ,यह सुनिश्चित करें कि वे मॉडल को compromise तो नहीं कर रहे।

Access Controls

1. सख्त Access Controls लागू करें
कम से कम privilege (विशेषाधिकार) के आधार पर संवेदनशील डेटा तक पहूँच (access) को सीमित करें। केवल उस डेटा तक पहूँच (access) प्रदान करें जो विशिष्ट user या process (प्रक्रिया) के लिए आवश्यक हैं।

2. डेटा स्रोतों को प्रतिबंधित करें
बाहरी डेटा स्रोतों तक मॉडल की पहूँच (access) को सीमित करें, और सुनिश्चित करें कि runtime डेटा orchestration को अनचाहे डेटा रिसाव से बचने के लिए सुरक्षित रूप से संभाला जा रहा हो।

Federated Learning एवं गोपनीयता तकनीकें (Privacy Techniques)

1. Federated Learning का उपयोग करें
कई servers तथा devices में संग्रहीत decentralized डेटा से मॉडल को प्रशिक्षित करें। यह तरीका centralised डेटा संग्रह की आवश्यकता तथा exposure जोखिमों को भी कम करता हैं।

2. Differential गोपनीयता को शामिल करें
ऐसी तकनीकों को लागू करें जो डेटा या आउटपुट में noise जोड़ती हैं, जिससे की हमलावरों को व्यक्तिगत डेटा बिंदुओं को reverse-engineer करना मुश्किल हो जाता हैं।

Users के लिय शिक्षा और पारदर्शिता

1. LLM के सुरक्षित उपयोग के प्रती users को शिक्षित करें
संवेदनशील जानकारीयों के इनपुट में न देने के लिए उनका मार्गदर्शन करें एवं सुरक्षित रूप से LLM के प्रयोग के प्रती प्रशिक्षण दे।

2. डेटा के उपयोग में पारदर्शिता सुनिश्चित करें
डेटा के retention, usage, एवं deletion के बारे में स्पष्ट नीतियां बनाएँ। Users को यह अनुमति दे की वह प्रशिक्षण प्रक्रियाओं में अपने डेटा को शामिल करने या ना करने के लिये स्वयं बाध्य हो जाये।

सुरक्षित सिस्टम Configuration

1. सिस्टम प्राइमबल को Conceal (जो न्यूनतम परिवर्तन हो) करें
आंतरिक configuration से संपर्क के जोखिमों को कम करने के लिये ,users द्वारा सिस्टम की प्रारंभिक settings को ओवरराइड करने या पहुँचने (access) की क्षमता को सीमित करें।

2. सुरक्षा से जुड़े Misconfiguration के संदर्भ में उच्च practices
Error messages या configuration details के माध्यम से संवेदनशील जानकारियों को लीक होने से रोकने के लिए "OWASP API8: 2023 Security Misconfiguration" जैसें दिशानिर्देशों का पालन करें। संदर्भ link: [OWASP API8:2023 Security Misconfiguration]

उन्नत तकनीके

1. Homomorphic Encryption
सुरक्षित data analysis एवं privacy-preserving machine learning को सक्षम करने के लिए Homomorphic Encryption का उपयोग करें। यह सुनिश्चित करता हैं कि मॉडल द्वारा process किए जाने के दौरान डेटा गोपनीय रहे।

2. Tokenization evam Redaction
Preprocess के लिए tokenization को लागू करें एवं संवेदनशील जानकारी को sanitize करें। Pattern matching जैसी तकनिकें के द्वारा processing से पहले गोपनीय सामग्री का पता लगाया जा सकता हैं और फिर से बनाया जा सकता हैं।

उदाहरण स्वरूप हमलें के परिदृश्य

परिदृश्य#1: डेटा का अनजाने में एक्सपोज़र
एक user अपर्याप्त डेटा sanitization के कारण किसी अन्य user के व्यक्तिगत डेटा से युक्त प्रतिक्रिया प्राप्त करता हैं।

परिदृश्य#2: लक्षित Prompt इंजेक्शन
एक हमलावर (malicious attacker) संवेदनशील जानकारीयां निकालने के लिए input filters को bypass करता हैं।

परिदृश्य#3: प्रशिक्षण डेटा के माध्यम से डेटा लीक होना
लापरवाह द्वारा डेटा को समावेशित करने के कारण प्रशिक्षण में संवेदनशील जानकारीयों का प्रकटीकरण होता हैं।

संबंधित लिंक

1. Lessons learned from ChatGPT's Samsung leak: **Cybernews**
2. AI data leak crisis: New tool prevents company secrets from being fed to ChatGPT: **Fox Business**
3. ChatGPT Spit Out Sensitive Data When Told to Repeat 'Poem' Forever: **Wired**
4. Using Differential Privacy to Build Secure Models: **Neptune Blog**
5. Proof Pudding (CVE-2019-20634) **AVID** (moohax & monoxgas)

संबंधित फ्रेमवर्क (frameworks) एवं टैक्सोनॉमी (taxonomies)

Infrastructure deployment, applied environment controls तथा अन्य सर्वोत्तम उपायों से संबंधित व्यापक जानकारी, परिदृश्यों की रणनीतियों के लिए इस खंड का संदर्भ लें ।

- AML.T0024.000 - Infer Training Data Membership **MITRE ATLAS**
- AML.T0024.001 - Invert ML Model **MITRE ATLAS**
- AML.T0024.002 - Extract ML Model **MITRE ATLAS**

LLM03:2025 Supply Chain

विवरण

LLM supply chains विभिन्न vulnerabilities के लिए अतिसंवेदनशील होती हैं, जिससे प्रशिक्षण डेटा, मॉडल और deployment platforms की अखंडता (integrity) प्रभावित होती हैं। इन जोखिमों के परिणामस्वरूप पक्षपाती आउटपुट (biased outputs), security breaches तथा system failures हो सकते हैं। जबकि पारंपरिक software vulnerabilities code flaws एवं dependencies जैसें मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जबकि ML में जोखिम भी third-party के pre-trained मॉडल और डेटा तक जातें हैं।

इन बाहरी तत्वों में tampering एवं poisoning attacks के माध्यम से हेरफेर कि जा सकती हैं।

LLM बनाना एक विशिष्टता (specialized) वाला कार्य हैं, जो अक्सर third-party के मॉडल पर निर्भर करता हैं। Open-access LLM और "LoRA" (Low-Rank Adaptation) तथा "PEFT" (Parameter-Efficient Fine-Tuning) जैसें नए fine-tuning विधियों का उदय, Hugging Face जैसें platforms पर, नए supply-chain जोखिमों को पेश करता हैं। अंत में, on-device LLM के उद्गम ने LLM applications के लिए हमलें की संभावनए एवं supply-chain जोखिमों को बढ़ाया हैं।

यहाँ चर्चा किए गए कुछ जोखिमों पर "LLM04 Data and Model Poisoning" में भी चर्चा की गई हैं। यह बिन्दु जोखिमों के supply-chain से जुड़े पहलुओं पर केंद्रित हैं। एक साधारण threat model समझा जा सकता हैं। here.

जोखिमों के सामान्य उदाहरण

1. Third-party Package से जुड़ी पारंपरिक vulnerabilities

जैसें कि outdated या deprecated components, जिनका हमलावर (malicious attacker) LLM applications को compromise करने के प्रयोग करता हैं। यह "A06:2021 – Vulnerable and Outdated Components" के जैसा हैं जब components का उपयोग मॉडल विकास या finetuning के दौरान होने से जोखिमों बढ़ जाता हैं।
संदर्भ link: A06:2021 – Vulnerable and Outdated Components

2. Licensing से जुड़े जोखिम

AI के विकास में अक्सर विविध प्रकार के software और डेटासेट licenses शामिल होते हैं, जो ठीक से संभले नहीं जाने पर जोखिम पैदा कर सकते हैं। विभिन्न open-source एवं proprietary licenses अलग-अलग कानूनी आवश्यकताओं के साथ आते हैं। डेटासेट licenses उपयोग (usage), वितरण (distribution) तथा व्यावसायीकरण (commercialization) को प्रतिबंधित कर सकते हैं।

3. Outdated या Deprecated मॉडल

Outdated या Deprecated मॉडल का उपयोग करना जो अब maintained नहीं हैं, सुरक्षा का गहन मुद्दा हैं।

4. Vulnerable pre-trained मॉडल

मॉडल binary black boxes हैं जिसमें open source के विपरीत static निरीक्षण से सुरक्षा के प्रती बहुत कम योगदान किया जा सकता हैं। Vulnerable pre-trained मॉडल में छिपे हुँए पूर्वाग्रह (biases), backdoors या अन्य दुर्भावनापूर्ण features हो सकते हैं, जिन्हें मॉडल repository के सुरक्षा मूल्यांकन के माध्यम से पहचाना नहीं जा पाया हैं। Vulnerable मॉडल को दोनों poisoned डेटासेट एवं सीधा मॉडल से छेड़छाड़ के द्वारा बनाया जा सकता हैं, जैसें की ROME जिसे lobotomisation भी कहते हैं उसका उपयोग करके।

5. मॉडल के कमजोर सिद्धता

वर्तमान में प्रकाशित मॉडलों में कोई मजबूत आश्वासन नहीं हैं। मॉडल के cards एवं इससे संबंधित दस्तावेज मॉडल की जानकारी तो प्रदान करतें हैं, पर वह users पर निर्भर होते हैं, लेकिन वह मॉडल के स्रोत (origin) पर कोई गारंटी नहीं देतें। एक हमलावर (malicious attacker) मॉडल repo के supplier के खाते को compromise कर सकता हैं, या एक उसके समान लगने वाला खाता बनाकर उसे social engineering तकनीकों से जोड़ कर, LLM application की supply-chain को compromise कर सकता हैं।

6. Vulnerable LoRA adapters

LoRA एक लोकप्रिय fine-tuning तकनीक हैं, जो pre-trained परतों को मौजूदा LLM पर जोड़कर modularity को बढ़ाती हैं। यह विधि दक्षता (efficiency) तो बढ़ाती ही हैं लेकिन नए जोखिमों को भी पैदा करती हैं, जहाँ एक दुर्भावनापूर्ण LoRA adapter pre-trained बेस मॉडल की अखंडता एवं सुरक्षा से compromise करता हैं। यह collaborative एवं model merge environments दोनों में हो सकता हैं, लेकिन vLMM एवं OpenLLM जैसें लोकप्रिय inference deployment platforms द्वारा भी LoRA के support को exploit (फायदा उठाना) किया जा सकता हैं, जहाँ adapters को डाउनलोड करके deployed मॉडल पर लागू किया जा सकता हैं।

7. Collaborative Development Processes को exploit (फायदा उठाना) करें

Shared environments में होस्ट किए गए Collaborative model merge एवं model handling services (जैसे conversions) को, shared मॉडल्स में vulnerabilities को पैदा करने के लिए exploit (फायदा उठाना) किया जा सकता हैं। Hugging Face पर model merging बहुत लोकप्रिय होने के साथ-साथ, इसके मॉडल्स OpenLLM लीडरबोर्ड में भी टॉप पर है, जिसके साथ-साथ इनको review को bypass करने के लिए भी exploit (फायदा उठाना) किया जा सकता हैं। इसी तरह ही services (सेवाओं) जेसे conversation bot भी हेरफेर एवं दुर्भावनापूर्ण code के प्रती vulnerable होते हैं।

8. Devices की supply-chain vulnerabilities पर LLM मॉडल

Devices पर LLM मॉडल लगाने से supply पर हमलों की संभावनाए बड़ती हैं, इसके साथ यह निर्माण की प्रक्रियाओं (manufactured processes) को compromise एवं device OS या fimware vulnerabilities को भी exploit (फायदा उठाना) कर सकता हैं। इससें हमलावर (malicious attacker) छेड़छाड़ (tampered) किए गए मॉडल्स को reverse engineer एवं applications को re-package कर सकता हैं।

9. अस्पष्ट T&Cs (नियम व शर्तें) एवं डेटा के लिए गोपनीयता की नीतियां (Privacy Policies)

मॉडल ऑपरेटरों (operators) की अस्पष्ट T&Cs (नियम व शर्तें) एवं डेटा की गोपनीयता नीतियां के कारण, application के संवेदनशील डेटा का उपयोग मॉडल प्रशिक्षण एवं इसके साथ संवेदनशील जानकारी के exposure के लिए भी हो सकता हैं। यह मॉडल के supplier द्वारा copyrighted सामग्री के उपयोग करने से उतन्न होने वाले जोखिमों पर भी लागू होता हैं।

रोकथाम एवं बचाव के लिये रणनीतियाँ

1. डेटा स्त्रोतों एवं suppliers की vetting (स्पष्ट तौर पर जांच एवं पड़ताल) करें, जिसमें T&Cs (नियम व शर्तें) एवं उनकी गोपनीयता नीतियों भी शामिल हो,इसके लिये केवल विश्वसनीय suppliers का ही उपयोग करें। नियमित रूप से suppliers की सुरक्षा (Security) तथा पहूँच (acces) की समीक्षा एवं ऑडिट करें,यह सुनिश्चित करतें हुँए की इनसे सुरक्षा या T&Cs (नियम व शर्तें) में कोई बदलाव तो नहीं हो रहा।
2. OWASP टॉप 10 के "A06:2021 – Vulnerable and Outdated Components" में दिए गए समाधानों को समझें एवं लागू करें। इसमें Vulnerability की खोज (scanning), प्रबंधन (management) एवं component पर सुधार लागू करना (patching) शामिल हैं। संवेदनशील डेटा तक पहूँच (access) के साथ development environments के लिए, इन नियंत्रणों को उन सभी वातावरणों में भी लागू करें। संदर्भित link: A06:2021 – Vulnerable and Outdated Components
3. Third-party मॉडल के चयन से पूर्व व्यापक AI Red Teaming एवं मूल्यांकन (evaluations) करें। Decoding Trust एक उदाहरण हैं LLMs के एक भरोसेमंद AI बेंचमार्क का, लेकिन मॉडल्स इस प्रकार से finetune किया जा सकता हे की वह प्रकाशित बेंचमार्क को भी bypass कर दे। मॉडल का मूल्यांकन करने के लिए व्यापक AI Red Teaming का प्रयोग करें, विशेष रूप से मॉडल के उपयोगों (use cases) की योजना के लिये।

4. Software Bill of Materials (SBOM) का प्रयोग से up-to-date, सटीक एवं signed (सत्यापित) inventory बनाएँ, जो कि deployed packages के साथ छेड़छाड़ को रोकने के लिए सहायक हो सकें। SBOMs का प्रयोग नई, zero-date vulnerabilities को जल्दी से पता (detect) लगानें एवं सतर्क (alert) करने के लिए किया जा सकता हैं। AI BOMs एवं ML SBOMs एक उभरता हुआ क्षेत्र हैं, इसके लिये आपको OWASP Cyclonedx से शुरुवात करतें हुँए अन्य विकल्पों का मूल्यांकन करना चहिए।
5. AI Licensing जोखिमों को कम करने के लिए, BOM का प्रयोग करतें हुँए, सभी प्रकार के licenses की एक सूची बनाएँ। इसी से ही compliance (स्वीकृति) एवं transparency (पारदर्शिता) सुनिश्चित करतें हुँए, सभी software, tools तथा डेटासेट को नियमित रूप से audit करतें रहें। Real-time निगरानी के लिए स्वचालित (automated) licenses प्रबंधन tools का उपयोग करें एवं Licensing मॉडल पर टीमों को प्रशिक्षित (train) करें। BOMs और leverage tools जैसें की Dyana के विस्तृत licensing documentation बनाएँ, ताकी third-party software का dynamic विश्लेषण किया जा सकें। संदर्भित link: Dyana
6. केवल सत्यापित (verifiable) स्रोतों के मॉडल्स का ही प्रयोग करें एवं मजबूत मॉडल सिद्धता (provenance) की कमी की क्षतिपूर्ति हेतु signing एवं file hashes के साथ third-party मॉडल्स की अखंडता की जाँच करें। इसी तरह, बाहर से प्राप्त code के लिये code signing का उपयोग करें।
7. किसी भी दुरुपयोग का जल्द से जल्द पता लगाने एवं रोकने के लिए collaborative model के development environment में सख्त निगरानी एवं auditing को लागू करें। "HuggingFace SF_Convertbot Scanner" इसी कार्य के लिए प्रयोग में आने वाली एक automated (स्वचालित) scripts का उदाहरण हैं। संदर्भित link: HuggingFace SF_Convertbot Scanner
8. दिए गए मॉडल एवं डेटा, पर anomaly detection एवं adversarial robustness (प्रतिकूलता की मजबूती का परीक्षण करना) लगाने से, छेड़छाड़ (tampering) एवं विषाक्तता (poisoning) का में पता लगाने में मदद मिल साकती हैं जैसा कि "LLM04 Data and Model Poisoning" में चर्चा की गई हैं। आदर्श रूप से, यह MLOps एवं LLM pipelines का हिस्सा होना चाहिए, लेकिन उभरती हुई तकनीक होने के कारण यह Red Teaming के हिस्से के रूप में लागू करना आसान हैं।
9. Vulnerable या Outdated components को कम करने के लिए एक patching (सुधारणा) नीति लागू करें। सुनिश्चित करें कि application, maintained version वाली API एवं अंतर्निहित मॉडल पर निर्भर करें।
10. जो Encrypt मॉडल, AI edge में deployed किए गए है, integrity checks (अखंडता की जांच करना) के साथ vendor attestation (like verified and secured) APIs का प्रयोग करें, जिससे की apps एवं models को tampered होने से बचाया जा सकें। इसी के साथ अमान्यताप्राप्त firmware वाली applications को बंद करें (terminate)।

उदाहरण स्वरूप हमलें के परिदृश्य

परिदृश्य#1: Vulnerable Python Library

एक हमलावर (malicious attacker) LLM app को compromise करने के लिए एक vulnerable Python Library को exploit (फायदा उठाना) करता हैं। यह सबसे पहले OpenAI data breach में देखा गया था। PyPi Package registry पर हमलों से मॉडल developers को model development environment में malware वाली Pytorch dependency download करा दी। इसका एक अधिक पेचींदा उदाहरण हैं AI infrastructure का प्रबंधन करने के लिए कई विक्रेताओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले Ray AI framework पर Shadow Ray attack। माना जाता हैं इस हमलें में पांच vulnerabilities हैं जो कई servers को प्रभावित करती हैं।

परिदृश्य#2: प्रत्यक्ष छेड़छाड़ (Direct Tampering)

गलत सूचना फैलाने के लिए एक मॉडल को प्रकाशित एवं उससे छेड़छाड़ करना। यह PoisonGPT (मॉडल parameters मे बदलाव करके) द्वारा HuggingFace के सुरक्षा features को bypass करने वाला वास्तविक हमला हैं।

परिदृश्य#3: लोकप्रिय मॉडल की finetuning

एक हमलावर (malicious attacker) प्रमुख सुरक्षा feature को हटाने एवं एक विशिष्ट domain (बीमा) में उच्च प्रदर्शन करने के लिए एक लोकप्रिय open access मॉडल को finetune करता हैं। मॉडल सुरक्षा benchmarks पर अत्यधिक स्कोर करने के लिए finetuned हैं, लेकिन बहुत लक्षित triggers के साथ। वे इसे victims के लिए HuggingFace पर deploy करतें हैं, जो benchmarks पर भरोसे को exploit करने के लिये इसका प्रयोग कर सकते हैं।

परिदृश्य#4: Pre-trained मॉडल

एक LLM सिस्टम ढंग से सत्यापन के बिना ही एक ज्यादा प्रयोग में ली जाने वाली repository से pre-trained मॉडल को deploy करतें हैं। एक compromised मॉडल दुर्भावनापूर्ण code को उसमें डाल देता हैं, जिससे कुछ संदर्भों में पक्षपाती आउटपुट आते हैं एवं हानिकारक या हेरफेर किए हुँए परिणाम देखने को मिलते हैं।

परिदृश्य#5: compromised हुआ third-party supplier

एक compromised हुआ third-party supplier एक Vulnerable LoRA adapter को HuggingFace के model merge का प्रयोग करतें हुँए LLM में merge कर देता हैं।

परिदृश्य#6: supplier द्वारा घुसपैठ

एक हमलावर (malicious attacker) third-party supplier में घुसपैठ हैं, ताकि वह vLLM तथा openLLM जैसें फ्रेमवर्क से deploy किए गए on-device LLM के साथ integrate होने वाले LoRA (Low-Rank Adaptation) adapter के उत्पादन को compromise कर सकें। इसमें compromise हुँए LoRA adapter में ध्यानपूर्वक बदलाव किए जातें हैं, जिससे उसमें छिपी हुई vulnerabilities एवं दुर्भावनापूर्ण code को शामिल किया जा सकें। एक बार जब इस adapter को LLM से merged कर दिया जाता हैं, तो यह हमलावर (malicious attacker) को सिस्टम में एक covert entry point (गुप्त प्रवेश बिंदु) प्रदान करता हैं। यह दुर्भावनापूर्ण code मॉडल संचालन के दौरान सक्रिय हो सकता हैं, जिससे हमलावर (malicious attacker) LLM के आउटपुट में हेरफेर कर सकता हैं।

परिदृश्य#7: CloudBorne एवं CloudJacking हमले

ये हमलें cloud के infrastructure को लक्षित करतें हुँए, उसमें मौजूद virtualization परतों के संसाधनों एवं vulnerabilities का लाभ उठाते हैं। CloudBorne के अंतर्गत साझा cloud environments में firmware vulnerabilities का exploit करना शामिल हैं, जो की physical servers द्वारा hosted virtual instance को compromise करतें हैं। CloudJacking के अंतर्गत दुर्भावनापूर्ण नियंत्रण तथा cloud instances का दुरुपयोग शामिल हैं, जिससे की महत्वपूर्ण LLM deployment platforms पर अनाधिकृत पहूँच (unauthorized access) बड़ती हैं। दोनों हमलें cloud-आधारित ML मॉडल पर आधारित supply chains के लिए महत्वपूर्ण जोखिमों हैं, क्योंकि compromised environments संवेदनशील डेटा को उजागर करने एवं हमलों में बढ़ोतरी कर सकते हैं।

परिदृश्य#8: LeftOvers (CVE-2023-4969)

संवेदनशील डेटा को वापस प्राप्त करने के लिए लीक हुई GPU local memory के leftover का exploition करना। हमलावर (malicious attacker) इस हमलें का उपयोग production servers एवं development workstations तथा laptops के संवेदनशील डेटा को exfiltrate करने के लिए कर सकता हैं।

परिदृश्य#9: WizardLM

WizardLM को हटाने के बाद, एक हमलावर (malicious attacker) इस मॉडल में रुची (popularity) का फायदा उठाकर उसी नाम के साथ मॉडल का एक नकली संस्करण प्रकाशित करता हैं, लेकिन malware एवं backdoors के साथ।

परिदृश्य#10: Model Merge/Format Conversion Service

एक हमलावर (malicious attacker) model merge तथा format conversation service के प्रयोग से , सार्वजनिक रूप से उपलब्ध access model को compromise करने के लिए उसमें malware डालता हैं। यह vendor HiddenLayer द्वारा प्रकाशित एक वास्तविक हमला हैं।

परिदृश्य#11: Reverse-Engineer Mobile App

एक हमलावर (malicious attacker) Mobile App को Reverse-Engineer करके उसके मॉडल को एक छेड़छाड़ किए गए मॉडल से बदल कर user को social engineering द्वारा scam site से गलत app डाउनलोड कराता हैं। यह एक ""real attack on predictive AI" हैं जिसने 116 Google Play apps को प्रभावित किया, जिसमें की बहुत से लोकप्रिय सुरक्षा एवं सुरक्षा-महत्वपूर्ण applications हैं जिसमें की cash recognition, parental control, face authentication एवं financial service आदि प्रकार के app भी शामिल हैं। संदर्भित link: [real attack on predictive AI]

परिदृश्य#12: Dataset Poisoning

एक हमलावर (malicious attacker) सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डेटासेट को poison करता हैं, जिससे की मॉडल की fine-tuning के दौरान उसमें backdoor बनाएँ जा सकते हैं। यह backdoor सूक्ष्म एवं गुप्त रूप से विभिन्न बाजारों में कुछ कंपनियों के प्रती पक्षपात करने के प्रयोग में आते हैं।

परिदृश्य#13: T&Cs (नियम व शर्तें) एवं गोपनीयता नीति

एक LLM operator अपने T&Cs (नियम व शर्तें) एवं गोपनीयता नीति को बदलता हैं ताकि वह मॉडल प्रशिक्षण के लिए application डेटा का प्रयोग कर सके, एवं इसमें प्रयोग से बाहर निकालने के लिये खास प्रकार की नीति की आवश्यकता हो, जिससे की संवेदनशील डेटा मॉडल को याद होता रहे ।

संबंधित लिंक

1. PoisonGPT: How we hid a lobotomized LLM on Hugging Face to spread fake news
2. Large Language Models On-Device with MediaPipe and TensorFlow Lite
3. Hijacking Safetensors Conversion on Hugging Face
4. ML Supply Chain Compromise
5. Using LoRA Adapters with vLLM
6. Removing RLHF Protections in GPT-4 via Fine-Tuning
7. Model Merging with PEFT
8. HuggingFace SF_Convertbot Scanner
9. Thousands of servers hacked due to insecurely deployed Ray AI framework
10. LeftoverLocals: Listening to LLM responses through leaked GPU local memory

संबंधित फ्रेमवर्क (frameworks) एवं टैक्सोनॉमी (taxonomies)

Infrastructure deployment, applied environment controls तथा अन्य सर्वोत्तम उपायों से संबंधित व्यापक जानकारी, परिदृश्यों की रणनीतियों के लिए इस खंड का संदर्भ लें ।

- ML Supply Chain Compromise - **MITRE ATLAS**

LLM04: डेटा एवं मॉडल Poisoning

विवरण

डेटा poisoning तब होती हैं जब pre-training (पूर्व-प्रशिक्षण) , fine-tuning या embedding data में vulnerabilities, backdoors या biases डालने के लिए हेरफेर की जाती हैं । यह हेरफेर मॉडल की सुरक्षा (security) , प्रदर्शन (performance) एवं नैतिक व्यवहार (ethical behavior) को compromise कर सकती हैं, जिससे हानिकारक आउटपुट या बिगड़ी हुआ capabilities (क्षमताएं) पैदा हो सकती हैं । सामान्य जोखिमों में मॉडल की degraded performance (गिरता प्रदर्शन) , biased तथा toxic content, एवं downstream systems का exploitation शामिल हैं ।

डेटा poisoning LLM जीवनचक्र के विभिन्न चरणों को लक्षित कर साकता हैं, जिसमें pre-training (सामान्य डेटा से सीखना) , fine-tuning (विशिष्ट कार्यों के लिए मॉडल को अनुकूल बनाना) , embedding (texts को संख्यात्मक वैक्टर में परिवर्तित करना) , एवं transfer learning (नए कार्यों पर प्रशिक्षित मॉडल को बार-बार प्रयोग में लेना) शामिल हैं । इन चरणों को समझने से यह पहचानने में मदद मिलती हैं कि vulnerabilities कहाँ से उत्पन्न हो सकती हैं । डेटा poisoning को एक integrity (अखंडता) हमला माना जाता हैं, क्योंकि प्रशिक्षण डेटा से छेड़छाड़ करने से सटीक पूर्वानुमान लगाने वाली मॉडल की क्षमता प्रभावित होती हैं । बाहरी डेटा स्रोतों से जोखिम अधिक होता हैं, क्योंकि उनमें unverified या दुर्भावनापूर्ण सामग्री हो सकती हैं ।

इसके अलावा, shared repository या open-source platforms से वितरित किए गए मॉडल डेटा poisoning से अधिक बड़े जोखिम पैदा कर सकते हैं, जैसें कि malicious pickling जैसी तकनीकों से malware डालना (embed) , जो कि मॉडल के लोड होने पर उसमें हानिकारक code execute कर सकता हैं । इसके तरह poisoning, backdoor के implementation को भी अनुमति दे सकती हैं । इस तरह के backdoors मॉडल के व्यवहार में तब तक कुछ नहीं करतें, जब तक कि एक निश्चित trigger संकेत नहीं देता या hit नहीं होता । यह इस तरह के परिवर्तनों के लिये परीक्षण एवं पता लगाने की क्षमता को कठिन बना सकता हैं, जो की मॉडल को sleeper agent बना देता हैं ।

Vulnerability के सामान्य उदाहरण

1. दुर्भावनापूर्ण व्यक्ति प्रशिक्षण के दौरान हानिकारक डेटा डालते हैं, जिससे पक्षपाती आउटपुट आता हैं । इसके लिए "Split-View Data Poisoning" या "Frontrunning Poisoning" जैसें तकनीकें के प्रयोग से मॉडल के प्रशिक्षण चक्र को exploit (फायदा उठाना) किया जाता हैं । संदर्भित link: Split-View Data Poisoning संदर्भित link: Frontrunning Poisoning

2. हमलावरों द्वारा हानिकारक सामग्री को सीधे प्रशिक्षण प्रक्रिया में inject (डालना) करके मॉडल की आउटपुट गुणवत्ता से compromise किया जा सकता हैं ।
3. User अनजाने में ही उपयोग के दौरान संवेदनशील या proprietary जानकारी को दे देता हैं, जो की बादमे आउटपुट में उजागर हो सकती हैं ।
4. Unverified (अस्वीकृत) प्रशिक्षण डेटा पक्षपाती या गलत आउटपुट के जोखिम को बढ़ा सकता हैं ।
5. संसाधन तक पहूँच के प्रतिबंधों (resource access restrictions) की कमी के कारण असुरक्षित डेटा को ग्रहण की अनुमति मिल सकती हैं, जिसके परिणामस्वरूप पक्षपाती आउटपुट आ सकतें हैं ।

रोकथाम एवं बचाव के लिये रणनीतियाँ

1. डेटा की उत्पत्ति एवं परिवरतानों पर OWASP Cyclonedx या ML-BOM जेसे tools का प्रयोग कर नज़र राखें, एवं इसके साथ tools जैसें की Dyana का भी फ़ायदा उठा साकते हैं, जिससे की third-party software का dynamic विश्लेषण कर सकते हैं । मॉडल के सभी development चरणों के दौरान डेटा वैधता (legitimacy) को सत्यापित (Verify) करें । संदर्भित link: Dyana
2. डेटा विक्रेताओं का कठोरता से मूल्यांकन करें, एवं poisoning का पता लगाने के लिए विश्वसनीय स्त्रोतों से मॉडल आउटपुट का मिलन करें ।
3. मॉडल पर सख्त sandboxing लगाएँ, ताकी वह अस्वीकृत डेटा स्त्रोतों की पहुँच से दूर रहें । प्रतिकूल (adversarial) डेटा को फ़िल्टर करने के लिए anomaly detection की तकनीक का उपयोग करें ।
4. विशिष्ट डेटासेट के प्रयोग से Fine-tuning करके मॉडल को खास कार्यक्षमताओं के लिए तैयार करें । यह खास लक्ष्यों के लिये अधिक सटीक आउटपुट पाने में मदद करता हैं ।
5. मॉडल को unintended डेटा स्त्रोतों तक पहुँचने से रोकने के लिए पर्याप्त infrastructure सुनिश्चित करें ।
6. डेटासेट में परिवर्तन पर नज़र रखने एवं हेरफेर का पता लगाने के लिए data version control (DVC) का उपयोग करें । मॉडल अखंडता बनाएँ रखने के लिए versioning बहुत महत्वपूर्ण हैं ।
7. Vector database में user द्वारा दी गई जानकारीयों को संग्रहीत करें, जिससे की पूरे मॉडल को फिर से प्रशिक्षण किए बिना ही उसमें सुधार लिए जा सकेंगे ।
8. Red team campaigns एवं adversarial तकनीकों के साथ मॉडल की मजबूती (robustness) का प्रशिक्षण करें, जैसें कि federated learning से डेटा में अव्यवस्थाएँ (perturbations) कम कि जा सकती हैं ।
9. प्रशिक्षण के दौरान ही हानियों के लिए निगरानी करें एवं poisoning की पहचान के लिए मॉडल के व्यवहार का विश्लेषण करें । विसंगतिपूर्ण (anomalous) आउटपुट का पता लगाने के लिए thresholds का उपयोग करें ।
10. परामर्श पाने के दौरान hallucinations के जोखिम को कम करने के लिए Retrieval-Augmented Generation (RAG) एवं grounding तकनीकों को प्रयोग करें ।

उदाहरण स्वरूप हमलें के परिदृश्य

परिद्रश्य 1

एक हमलावर (malicious attacker) प्रशिक्षण डेटा में हेरफेर या Prompt इंजेक्शन तकनीकों का उपयोग करके, गलत सूचना फैलाने के लिये मॉडल के आउटपुट में पूर्वाग्रहों पैदा करता हैं ।

परिदृश्य#2
उचित फ़िल्टरिंग के बिना विषाक्त डेटा हानिकारक या पक्षपाती आउटपुट को जन्म दे सकता हैं, जिससे की खतरनाक जानकारीयों का प्रचार हो सकता हैं ।

परिदृश्य#3
एक दुर्भावनापूर्ण व्यक्ति या प्रतिद्वंद्वी प्रशिक्षण डाटा के लिये गलत दस्तावेज बनाता हैं, जिससे की मॉडल आउटपुट में यह अशुद्धियां झलकती हैं ।

परिदृश्य#4
अपर्याप्त फ़िल्टरिंग के कारण एक हमलावर (malicious attacker) , Prompt इंजेक्शन से भ्रामक डेटा डाल सकता हैं, जिससे की आउटपुट compromise हो जातें हैं ।

परिदृश्य#5
एक हमलावर (malicious attacker) poisoning तकनीकों के प्रयोग से मॉडल में एक backdoors trigger डालता हैं । यह आपको authentication bypass, data exfiltration या hidden command execution करने को बाध्य कर सकता हैं ।

संबंधित लिंक

1. How data poisoning attacks corrupt machine learning models: **CSO Online**
2. MITRE ATLAS (framework) Tay Poisoning: **MITRE ATLAS**
3. PoisonGPT: How we hid a lobotomized LLM on Hugging Face to spread fake news: **Mithril Security**
4. Poisoning Language Models During Instruction: **Arxiv White Paper 2305.00944**
5. Poisoning Web-Scale Training Datasets - Nicholas Carlini | Stanford MLSys #75: **Stanford MLSys Seminars YouTube Video**
6. ML Model Repositories: The Next Big Supply Chain Attack Target **OffSecML**
7. Data Scientists Targeted by Malicious Hugging Face ML Models with Silent Backdoor **JFrog**
8. Backdoor Attacks on Language Models: **Towards Data Science**
9. Never a dill moment: Exploiting machine learning pickle files **TrailofBits**
10. arXiv:2401.05566 Sleeper Agents: Training Deceptive LLMs that Persist Through Safety Training **Anthropic (arXiv)**
11. Backdoor Attacks on AI Models **Cobalt**

संबंधित फ्रेमवर्क (frameworks) एवं टैक्सोनॉमी (taxonomies)

Infrastructure deployment, applied environment controls तथा अन्य सर्वोत्तम उपायों से संबंधित व्यापक जानकारी, परिदृश्यों की रणनीतियों के लिए इस खंड का संदर्भ लें ।

- AML.T0018 | Backdoor ML Model **MITRE ATLAS**
- NIST AI Risk Management Framework: Strategies for ensuring AI integrity. **NIST**
- ML07:2023 Transfer Learning Attack **OWASP Machine Learning Security Top Ten**

LLM05: 2025 अनुचित प्रकार से आउटपुट को संभालना

विवरण

इसके अंतर्गत अपर्याप्त सत्यापन (validation) , स्वच्छता (sanitization) , एवं LLM के आउटपुट को विभिन्न क्षेत्रों (components एवं systems) तक पहुँचने से पहले ही संभालना शामिल हैं । चूंकि LLM से बनी सामग्री को Prompt के इनपुट से नियंत्रित कर सकते हैं, इसलिए यह users को कुछ अतिरिक्त कार्यक्षमता (additional functionality) तक अप्रत्यक्ष पहूँच (indirect access) प्रदान करने के समान हैं । अनुचित प्रकार से आउटपुट को संभालना की प्रक्रिया, Overreliance से अलग हैं । इसमें आउटपुट को विभिन्न क्षेत्रों (components एवं systems) तक पहुँचने से पहले ही संभाल जाता हैं, वही Overreliance LLM आउटपुट की सटीकता (accuracy) एवं उपयुक्तता (appropriateness) पर ज्यादा निर्भरता से जुड़ी चिंताओं पर ध्यान केंद्रित करता हैं । इसकी Vulnerability के exploition (फायदा उठान) से web browsers पर XSS एवं CSRF, SSRF, privilege escalation, या backend systems पर remote code execution जेसे खतरे पैदा हो सकते हैं । निम्नलिखित स्थितियां में इन Vulnerabilities का प्रभाव बढ़ सकता हैं:

- Application द्वारा LLM को end users की जरूरत से ज्यादा विशेषाधिकारों दे दिए जातें हैं, जिससे की privileges escalation या remote code execution जेसे जोखिम पैदा हो जातें हैं ।
- एक हमलावर (malicious attacker) application पर अप्रत्यक्ष Prompt इंजेक्शन हमलें से user के environment में विशेषाधिकार वाली पहूँच (privileged access) प्राप्त कर सकता हैं ।
- Third-party extentions, इनपुटों को पर्याप्त तरह से validate (मान्यता के लिए परखना) नहीं करतें ।
- विभिन्न संदर्भों में उचित आउटपुट encoding की कमी (जैसे, HTML, JavaScript, SQL) ।
- LLM आउटपुट की अपर्याप्त monitoring (निगरानी) एवं logging (जाँच के लिए सहेजना) होना ।
- LLM उपयोग के लिए rate limiting या anomaly detection की अनुपस्थिति होना ।

Vulnerability के सामान्य उदाहरण

1. LLM आउटपुट या funtions जैसें की exec तथा eval को सीधे system shell से प्रयोग करने से remote code execution का खतरा हो सकता हैं ।
2. LLM से JavaScript तथा Markdown को बनाकर user को वापस किया जाता हैं । इसके पश्चात code को browser द्वारा interpret (समझना) किया जाता हैं, जिसके परिणामस्वरूप XSS होता हैं ।
3. LLM द्वारा उत्पन्न SQL queries को बिना उचित parameterization (विभिन्न parameters की जाँच) के ही execute कर दिया जाता हैं, जिससे SQL इंजेक्शन होता हैं ।

4. उचित sanitization के बिना ही LLM आउटपुट का उपयोग file paths को बनाने के लिए करने से path traversal vulnerabilities आ सकती हैं।
5. बिना उचित escaping के email templates में LLM से बनी सामग्री के उपयोग से फ़िशिंग हमलें हो सकते हैं।

रोकथाम एवं बचाव के लिये रणनीतियाँ

1. मॉडल को user मानते हुँए zero-trust approach को अपनाएँ, एवं मॉडल से backend functions तक जानें वाली प्रतिक्रियाओं पर उचित इनपुट validation लागू करें।
2. प्रभावी तौर पर इनपुट validation एवं sanitization को सुनिश्चित करने के लिए OWASP ASVS (Application Security Verification Standard) दिशानिर्देशों का पालन करें।
3. JavaScript या Markdown के द्वारा अनचाहे code execution को कम करने के लिए users को मॉडल आउटपुट encode करके दें। OWASP ASVS आउटपुट encoding पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान करता हैं।
4. जहाँ LLM आउटपुट का उपयोग किया जाएगा (जैसे, वेब सामग्री के लिए HTML encoding, डेटाबेस query के लिए SQL escaping) , वहाँ सामग्री के प्रती जागरूक आउटपुट encoding (context-aware output encoding) को लागू करें।
5. LLM आउटपुट से जुड़े सभी डेटाबेस कार्यों के लिए parameterized queries या prepared statement का उपयोग करें।
6. LLM से बनी सामग्री से XSS हमलों के जोखिम को कम करने के लिए सख्त सामग्री सुरक्षा नीतियों (Content Security Policies (CSP)) को लागू करें।
7. LLM आउटपुट में असामान्य पैटर्न का पता लगाने के लिए robust logging एवं monitoring systems को लागू करें, जो exploit (फायदा उठाना) के प्रयासों को चिह्नित कर सकते हैं।

उदाहरण स्वरूप हमलें के परिदृश्य

परिद्रश्य#1

एक application, चैटबॉट की प्रतिक्रियाएं के लिए LLM extension का उपयोग करती हैं। यह extension किसी अन्य विशेषाधिकार वाले LLM के लिए कई administrative functions भी प्रदान करता हैं। जब सामान्य प्रयोग वाला LLM सीधे अपनी प्रतिक्रिया, extension को बिना किसी आउटपुट validation के देता हैं, वह extension को रखरखाव के लिए shut down कर देता हैं।

परिदृश्य#2

एक user किसी लेख (article) का संक्षिप्त सारांश करने के लिए LLM संचालित website summarizer tool का उपयोग करता हैं। इस वेबसाइट में एक Prompt इंजेक्शन होता हैं, जो LLM को वेबसाइट या user की बातचीत से संवेदनशील सामग्री निकालने को कहता हैं। वहाँ से LLM संवेदनशील डेटा को encode करके बिना किसी आउटपुट validation या फ़िल्टरिंग के हमलावर-नियंत्रित सर्वर पर भेज सकता हैं।

परिदृश्य#3

एक LLM, users को चैट से बैकएंड डेटाबेस के लिए SQL query बनाने की सुविधा देता हैं। एक user डेटाबेस की किसी table को हटाने के लिए एक query माँगता हैं। यदि LLM से बनी इस query की जाँच (scrutinized) नहीं की जाती हैं, तो सभी डेटाबेस tables भी हट सकती हैं।

परिदृश्य#4

